# ब्रिक - राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान

*(भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान संस्थान)*

**अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067**

यूआरएल :http://www.nii.res.in

## शैक्षणिक वर्ष 2025-26 (शीतकालीन सत्र)के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु

ब्रिक-राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान (रा.प्र.सं.) पीएचडी कार्यक्रम के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान के दायरे में निम्नलिखित व्यापक अंतरविषयक क्षेत्र सम्मिलित है:- **प्रतिरक्षाविज्ञान, संक्रामक और क्रोनिक रोग जीवविज्ञान, आण्विक और कोशिकीय जीवविज्ञान, रासायनिक जीवविज्ञान, संरचनात्मक जीवविज्ञान, और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी।**

**न्यूनतम योग्यताएं:**

1. विज्ञान और प्रौद्योगिकी की किसी भी शाखा (जैसे जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी) में 4 वर्षीय स्नातक की डिग्री या मास्टर डिग्री, या बैचलर ऑफ मेडिसिन, बैचलर ऑफ सर्जरी की डिग्री, या क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (आरसीबी), फरीदाबाद, हरियाणा के मानदंडों के अनुसार समकक्ष योग्यता।
2. योग्यता परीक्षा में कम से कम 60% कुल अंक या समकक्ष ग्रेड। आरक्षित श्रेणियों के अभ्यर्थियों (अन्य पिछडा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर, एनसीएल), अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, और पीडब्ल्यूडी और ईडब्ल्यूएस (जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) के लिए आरक्षण की योजना के तहत शामिल नहीं हैं) के लिए कुल अंकों में पांच प्रतिशत की छूट लागू होगी। प्राप्तांकों के प्रतिशत को अगले पूर्णांक मान तक पूर्णांक बनाए जाने की अनुमति नहीं है।
3. अभ्यर्थियों के पास विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर), जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) या किसी अन्य सरकारी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा प्रायोजित 5-वर्षीय मान्य डॉक्टरेट फेलोशिप होनी चाहिए। डीएसटी-इंस्पायर फेलोशिप वाले छात्र भी पात्र हैं, बशर्ते फेलोशिप को सक्रिय किया जा सके। प्रवेश उस स्थिति में ही दिया जाएगा जब अभ्यर्थी के पास प्रवेश की तिथि से पांच वर्ष की अवधि तक मान्य फेलोशिप हो।
4. इस शैक्षणिक वर्ष की अर्हक परीक्षा में सम्मिलित हो रहे अभ्यर्थी आवेदन करने के पात्र हैं, उनको प्रवेश के समय उपरोक्त अपेक्षाएं संतोषप्रद रूप से पूर्ण करने तक अंतरिम रूप से प्रवेश दिया जाएगा।
5. सीटों के लिए आरक्षण: अनुसूचित जाति हेतु 15%, अनुसूचित जनजाति हेतु 7.5%, अन्य पिछडा वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) हेतु 27% और शारीरिक विकलांगों के लिए 5 प्रतिशत और और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10% सांविधिक मानदंडों के अनुसार।

- भारत सरकार के दिशा-निर्देशों/नीति के अनुसार दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए 5% सीटों का आरक्षण क्षैतिज रूप से किया जाएगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण: आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के वे व्यक्ति, जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण योजना के अंतर्गत शामिल नहीं हैं, उन्हें प्रवेश में 10% आरक्षण मिलेगा।

**चयन प्रक्रिया:**

1. रा.प्र.सं. पीएचडी कार्यक्रम के लिए अभ्यर्थियों का चयन केवल **दो-चरणीय ऑनलाइन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से ही किया जाएगा।**
2. साक्षात्कार के लिए चयनित अभ्यर्थियों की सूची 14 नवंबर 2025 को रा.प्र.सं. की वेबसाइट तथा नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध होगी।
3. साक्षात्कार (दो चरणों) ऑनलाइन के माध्यम से आयोजित किए जाएंगे।
   (i) प्रथम चरण का साक्षात्कार दिनांक **26-28 नवंबर 2025** को आयोजित किया जाएगा।
   (ii) द्वितीय चरण का साक्षात्कार दिनांक **02-05 दिसंबर 2025** को आयोजित किया जाएगा।
4. चयनित अभ्यर्थियों को आरसीबी, फरीदाबाद, हरियाणा के साथ शैक्षणिक संबंध में रा.प्र.सं. के पीएचडी कार्यक्रम के लिए नामांकित किया जाएगा।

**पीएच.डी. कार्यक्रम:**

1. यह कार्यक्रम दिनांक 29 दिसंबर 2025 से प्रारंभ होगा। प्रयोगशालाओं तथा प्रबंध प्राध्यापकों (थीसिस सुपरवाइजर) का आवंटन अभ्यर्थियों की विषय रूची के अनुसार संकाय सदस्यों के साथ हुई बातचीत एवं पारस्परिक वरीयता के आधार पर दिनांक 05 जनवरी 2026 तक किया जाएगा।
2. सभी अभ्यर्थियों को रा.प्र.सं. में शामिल होने के तुरंत बाद अपने संबंधित फंडिंग एजेंसी यानी सीएसआईआर, यूजीसी, आईसीएमआर, डीबीटी, डीएसटी-इंस्पायर से अपनी जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ) को सक्रिय करनी होगी।
3. रा.प्र.सं. एक आवासीय परिसर है और कार्यक्रम में भर्ती होने वाले सभी छात्रों को साझा छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाएगी।

**आवेदन प्रक्रिया:**

1. अभ्यर्थियों को अपना आवेदन केवल रा.प्र.सं. ऑनलाइन आवेदन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। आवेदन प्रक्रिया का विवरण http://www.nii.res.in पर उपलब्ध है ।
2. ऑनलाइन आवेदन शुल्क अनारक्षित अभ्यर्थियों के लिए **600/-रूपये** तथा ओबीसी (एनसीएल)/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूडी /ईडब्लूएस अभ्यर्थियों के लिए **300/-रूपये** (अप्रतिदेय) है।
3. ऑनलाइन आवेदन की सुविधा रा.प्र.सं. वेबसाइट पर 29 सितंबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक उपलब्ध रहेगी।
4. रा.प्र.सं. ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल से संबंधित तकनीकी पूछताछ करने हेतु कृपया admission@nii.ac.in पर संपर्क करें ।
5. पात्रता मानदंड या अन्य शैक्षिक मामलों से संबंधित प्रश्नों की पूछताछ करने हेतु कृपया निम्न पर संपर्क करें।
   टेलीफ़ोन: 011-26717121 (विस्तार नं. 717/762/662),
   011-26717010 (विस्तार नं. 717/762/662)
   ईमेल: admission@nii.ac.in
6. अभ्यर्थी का नाम तथा उसकी जन्म तिथि सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट(10वीं) अथवा समतुल्य प्रमाणपत्र में संबंधित प्रविष्टियों के अनुरूप ही होनी चाहिए।
7. अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दी गई जानकारी सही और सटीक है। यदि किसी भी स्तर पर कोई विसंगति पाई जाती है, तो रा.प्र.सं. प्रवेश रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

मुख्य तिथि:

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन आरंभ तिथि | : | दिनांक 29.09.2025 |
| ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि | : | दिनांक 20.10.2025 |
| साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की सूची की घोषणा | : | दिनांक 14.11.2025 |
| चयनित अभ्यर्थियों के साथ साक्षात्कार (प्रथम चरण) | : | दिनांक 26.11.2025 से 28.11.2025 |
| चयनित अभ्यर्थियों के साथ साक्षात्कार (दूसरा चरण) | : | दिनांक 02.12.2025 से 05.12.2025 |

आवेदन प्रक्रिया का विवरण वेबसाइट **http://www.nii.res.in.** पर उपलब्ध है ।

योग्यता पूरी करने वाली महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

अंग्रेजी तथा हिंदी विज्ञापन में कोई विसंगति होने पर, अंग्रेजी भाषा को अंतिम माना जाएगा।

**ब्रिक - राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान**

**अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067**

**<u>शैक्षणिक वर्ष 2025-26 (शीतकालीन सत्र) के लिए पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश हेतु</u>**

ब्रिक-राष्ट्रीय प्रतिरक्षाविज्ञान संस्थान (रा.प्र.सं.) पीएचडी कार्यक्रम के लिए योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है। संस्थान में अत्याधुनिक अनुसंधान के दायरे में निम्नलिखित व्यापक अंतरविषयक क्षेत्र सम्मिलित है:- **प्रतिरक्षाविज्ञान, संक्रामक और क्रोनिक रोग जीवविज्ञान, आण्विक और कोशिकीय जीवविज्ञान, रासायनिक जीवविज्ञान, संरचनात्मक जीवविज्ञान, और कम्प्यूटेशनल बायोलॉजी।**

**मुख्य तिथि:**

| | | |
|---|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन आरंभ तिथि | : | दिनांक 29.09.2025 |
| **ऑनलाइन आवेदन समाप्ति तिथि** | : | दिनांक 20.10.2025 |
| साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों की सूची की घोषणा | : | दिनांक 14.11.2025 |
| चयनित अभ्यर्थियों के साथ साक्षात्कार (प्रथम चरण) | : | दिनांक 26.11.2025 से 28.11.2025 |
| चयनित अभ्यर्थियों के साथ साक्षात्कार (दूसरा चरण) | : | दिनांक 02.12.2025 से 05.12.2025 |

आवेदन प्रक्रिया का **विवरण वेबसाइट** **http://www.nii.res.in.** पर उपलब्ध है ।

**<u>योग्यता पूरी करने वाली महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।</u>**

**अंग्रेजी तथा हिंदी विज्ञापन में कोई विसंगति होने पर, अंग्रेजी भाषा को अंतिम माना जाएगा।**